>

Title: Presentation of the 63rd to 66th Reports of the Public Accounts Committee.

प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा (दक्षिण दिल्ली) : अध्यक्ष महोदय, मैं लोक लेखा समिति (2007-2008) के निम्नलिखित प्रतिवेदन (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) प्रस्तुत करता हूं:-

1. "राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम" के बारे में लोक लेखा समिति (14वीं लोक सभा) के 19वें प्रतिवेदन पर की-गई-कार्यवाही संबंधी 63वां प्रतिवेदन।

2. "आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्धा और होम्योपैथी विभाग की निष्पादन लेखापरीक्षा" के बारे में लोक लेखा समिति (14वीं लोक सभा) के 38वें प्रतिवेदन पर की-गई- कार्यवाही संबंधी 64वां प्रतिवेदन।

3. "भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थान द्वारा शुरू की गई मृदा तथा जल के उपयोग और संरक्षण से संबंधित परियोजनाओं का प्रबन्धन" के बारे में लोक लेखा समिति (14वीं लोक सभा) के 40वें प्रतिवेदन पर की-गई-कार्यवाही संबंधी 65वां प्रतिवेदन।

4. "सर्व शिक्षा अभियान (एसएसए)" के बारे में लोक लेखा समिति (14वीं लोक सभा) के 43वें प्रतिवेदन पर की-गई-कार्यवाही संबंधी 66वां प्रतिवेदन।